तापमान

अधिकतम 42.0 डिग्री
न्यूनतम 22.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, रविवार 11 मई 2025



4 पांच माह पहले भुजबंधान तालाब का निकाला पानी, अब होगी सफाई






## खबर संक्षेप



### सैनिकों को समर्पित कर रहा समर कैंप

**सारंगढ़।** जिला कार्यालय रायगढ़ के मार्गदर्शन पर समस्त शासकीय स्कूलों में समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में पुसौर ब्लॉक के शासकीय प्राथमिक स्कूल मिडमिडा में समर कैंप का आयोजन 10 मई 25 से किया गया। जिसमें बच्चों ने संस्था प्रमुख विजेंद्र चौहान के मार्गदर्शन में पेंटिंग, अभिनय, चित्रकारी कर ऑपरेशन सिंदूर को चित्रकारी में उकेरा। साथ ही देश के जवानों के लिए विजयी होने को लेकर सन्देश दिया। बच्चों ने पेंटिंग एवं तिरंगा हाथों में लेकर तैनात जवानों को समर्पित किया। इसी कड़ी में बच्चे ऑपरेशन सिंदूर को भी पेंटिंग के माध्यम से सन्देश दिया। बच्चों में राष्ट्र भावना दिखाते हुए एकजुटता का सन्देश देकर समर कैंप में बहुत कुछ अनोखा सिखने का ललक साफ दिखाई दिया। आने वाले दिनों में भी समर कैंप के लिए बच्चे तैयार एवं राष्ट्र भावना से शराबोर होने का कसम लिए। उक्त समर कैंप में शाला के स्टाफ का पूरा समर्थन मिला साथ ही पालकगण भी उपस्थित रहे।

### महुआ शराब के साथ महिला गिरफ्तार

**रायगढ़।** जूटमिल पुलिस ने ग्राम कोड़ातराई में अवैध शराब बिक्री के खिलाफ दबिश देकर एक महिला के घर से 9 लीटर शराब जब्त की है। थाना प्रभारी निरीक्षक प्रशांत राव को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम कोडातराई में अवैध शराब की बिक्री की जा रही है। सूचना की तस्दीकी के लिए थाना प्रभारी ने थाने के पुलिस बल के साथ ग्राम महिला समिति के सदस्यों की मौजूदगी में कोडातराई के संदेही व्यक्तियों के घरों पर दबिश दी। इस दौरान हरिजन मोहल्ला निवासी श्रीमती खीकबाई चौहान (55) के घर से बिक्री के लिए रखी गई 9 लीटर अवैध महुआ शराब बरामद की गई, जिसकी कीमत लगभग 900 रुपए है। पुलिस ने मौके पर ही शराब जब्त कर खीकबाई चौहान के खिलाफ थाना जूटमिल में अपराध दर्ज किया है।

### नेत्र सहायक अधिकारियों की समीक्षा बैठक

**रायगढ़।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जगत के मार्गदर्शन व रंजना पैंकरा जिला कार्यक्रम प्रबंधक के कार्य संचालन में स्थानीय कार्यालय के आरोग्य सभा कक्ष में नेत्र सहायक अधिकारियों की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई। जिसकी अध्यक्षता जिला नोडल अधिकारी अंधत्व डॉ. मीना पटेल द्वारा की गई। जिसमें उन्होंने तय समय में सर्वे कार्य पूर्ण कर लक्ष्यवार चिन्हाकित मरीजों की सूची डीबीसीएस जिला कार्यालय में जमा करने को कहा। उन्होंने गत वर्ष के लक्ष्य अनुरूप 97 प्रतिशत कार्य पूर्ण करने पर जिले के समस्त नेत्र सहायक अधिकारियों की सराहना करते हुए इसी गति में कार्य करते हुए शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति के लिए निर्देशित किया। बैठक में जिले के समस्त नेत्र सहायक अधिकारी व विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### 10वीं के छात्रों ने ब्लॉक में हासिल किए उत्कृष्ट स्थान

**घरघोड़ा।** सरस्वती शिशु मंदिर घरघोड़ा के हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा कक्षा दसवीं में कुल 29 छात्र-छात्राएं शामिल हुए थे उनका परीक्षाफल उत्कृष्ट रहा जिसमें छात्रा त्रसुरभिसिंह उइके 95.33 प्रतिशत के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त की। छात्र त्रसुमित यादव 94.66 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान छात्रा लक्ष्मी रविरंजन 90 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान छात्रा त्रचंचल पैंकरा 87.83 प्रतिशत के साथ चतुर्थ स्थान छात्रा सकीना परवीन 87.33 प्रतिशत के साथ पंचम स्थान छात्र आयुष केशरी 86 प्रतिशत के साथ षष्ठम स्थान छात्रा दिशा साहू 82.83 प्रतिशत के साथ सप्तम स्थान छात्र खेमराज चौधरी 79.33 प्रतिशत के साथ अष्टम। स्थान छात्रा चीना बेहरा 77.16 प्रतिशत के साथ नवम और छात्रा तनीशा भगत 71 प्रतिशत के साथ दशम स्थान प्राप्त किए।

## सभी ट्रेनों की बिगड़ी चाल, नाममात्र की रह गई सुपरफास्ट एक्सप्रेस

# लंबी दूरी की ट्रेनों की रफ्तार हुई कम मालगाड़ियों को दे रहे पहली प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

मुंबई-हावड़ा रूट पर चलने वाली अधिकतर एक्सप्रेस व सुपरफास्ट ट्रेनों की गति 55 से 60 किलोमीटर प्रति घंटा तक सिमट गई है। जबकि मालगाड़ियों को प्राथमिकता दी जा रही है। कई तो मालगाड़ियों को प्लेट फार्म में खड़ी कर यात्री ट्रेनों को शेड्यूल व प्लेट फार्म बदल दिया जाता है।

मुंबई-हावड़ा रूट पर करीब एक दर्जन से अधिक यात्री ट्रेनें चलती हैं, जिसमें से कुछ गाड़ियां गाड़ियों का ठहराव रायगढ़ रेलवे स्टेशन में ठहराव है। इस रूट पर चलने वाली तमाम यात्री गाड़ियों की औसत गति 55 से 60 किलोमीटर प्रतिघंटा है। इसमें दक्षिण बिहार और उत्कल एक्सप्रेस की गति सबसे कम महज 45 किलोमीटर प्रतिघंटा है। रायगढ़ रेलवे स्टेशन आजाद हिंद, अहमदाबाद एक्सप्रेस, दक्षिण बिहार, पोरबंदर हावड़ा एक्सप्रेस, गीतांजलि एक्सप्रेस सहित कई यात्री गाड़ियों का परिचालन किया जा रहा है। इन यात्री गाड़ियों को मात्र 2 मिनट के लिए रायगढ़ रेलवे स्टेशन पर ठहराव दिया गया है। गौरतलब है कि इन गाड़ियों की औसत गति में इजाफा करने को लेकर नई रेलवे लाइन बिछाई जा रही है। रेलवे के अधिकारियों की मानें तो नई लाइन तैयार होने और वर्तमान में प्रगतिरत सभी कार्य पूर्ण होने के बाद यात्री गाड़ियों को गति मिलेगी। हालांकि इसमें समय लगने की बात कही जा रही है।



### मालगाड़ियों का बढ़ा परिचालन

इसके अलावा अन्य गाड़ियां भी यहां रूकेंगी। वर्तमान में इस रूट पर चलने वाली यात्री गाड़ियों की औसत गति मात्र 55 से 60 किलोमीटर प्रति घंटा तक हो गया है। इन गाड़ियों की औसत गति मालगाड़ियों के अधिक परिचालन की वजह से भी प्रभावित होती है। बीते कुछ सालों में मालगाड़ियों का परिचालन पहले ही अपेक्षा काफी बढ़ा गया है, हालांकि इन वर्षों में यात्री गाड़ियों की संख्या में भी वृद्धि हुई है। किन्तु यात्री गाड़ियों की औसत गति में उस अनुपात में बढ़ोत्तरी नहीं हो पाई है। उक्त गाड़ियां पहले जितना समय गंतव्य तक पहुंचने में लेती थी, आज भी उसी समय पर पहुंच रही हैं।

### फैक्ट फाइल

| ट्रेन | किमी | स्टेशन | समय | गति |
|---|---|---|---|---|
| आजाद हिन्द | 2015 | 32 | 33.20 घंटे | 60.69 |
| शालिमार | 2075 | 23 | 33.50 घंटे | 61.94 |
| मुंबई मेल | 1962 | 37 | 32.35 घंटे | 60.64 |
| हापा एक्सप्रेस | 2551 | 30 | 43.45 घंटे | 58.71 |
| दक्षिण बिहार | 1109 | 42 | 24.35 घंटे | 45.54 |
| उत्कल एक्स. | 2388 | 69 | 45.50 घंटे | 52.48 |
| हीराकुद एक्स. | 2570 | 45 | 45.45 घंटे | 56.45 |
| भुवनेश्वर एलटीटी | 1781 | 20 | 29.40 घंटे | 60.57 |
| अमदाबाद एक्स. | 2086 | 55 | 36.15 घंटे | 57.70 |

### कमर्शियल ट्रैफिक पर अधिक फोकस

रेलवे के जानकारों की मानें तो पिछले कुछ सालों में इस रूट में कमर्शियल ट्रैफिक को काफी बढ़ावा दिया गया है। यही वजह है कि इस रूट पर चलने वाली मालगाड़ियों की संख्या अधिक है। इसके अलावा यात्री गाड़ियों की बात करें तो राजस्व की अनुपातिक से उनकी ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

## एनआर इस्पात में हादसा इलेक्ट्रिशियन की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

पूंजीपथरा थाना क्षेत्र अंतर्गत स्थित एनआर इस्पात में काम करने के दौरान एक इलेक्ट्रिशियन करीब 30 फीट की ऊंचाई से गिर कर बुरी तरह से घायल हो गया। अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसने दम तोड़ दिया।

**खास बात**
- 30 फीट की ऊंचाई से गिरा था युवक, पूंजीपथरा थाना क्षेत्र का मामला

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार एनआर इस्पात में अक्षय कुमार निषाद आत्मज देवनारायण निषाद पूंजीपथरा थानांतर्गत ग्राम देलारी स्थित एनआर इस्पात में इलेक्ट्रिशियन का काम करता था। शुक्रवार दोपहर करीब 3 बजे फर्नेस प्लांट में अक्षय लगभग 30 फीट की ऊंचाई में चढ़कर काम कर रहा था। इस दौरान अक्षय का अचानक शारीरिक संतुलन बिगड़ गया और वह जमीन पर गिर पड़ा। जिसकी वजह से अक्षय के सिर के पीछे का भाग फट गया, साथ ही उसके बाएं पैर की हड्डी भी टूट गई। जिसके बाद आनन फानन में उसे गंभीर अवस्था में जिंदल फोर्टिस हॉस्पिटल ले जाया गया। मगर, शरीर के बाहरी के अलावे अंदरूनी हिस्सों में गंभीर चोटें आने के कारण जीवन और मृत्यु के बीच संघर्षरत अक्षय निषाद ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। हालांकि, जिंदल हॉस्पिटल पहुंचने पर डॉक्टर्स ने प्राथमिक परीक्षण में ही उसे मृत घोषित कर दिया। बहरहाल, जिला चिकित्सालय में शनिवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद शव को अंतिम संस्कार के लिए निषाद परिवार को सौंपने वाली पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है।



## महिला क्रिकेट में जिले को मिली बड़ी सफलता

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिला क्रिकेट संघ द्वारा किए जा रहे प्रयासों और महिला क्रिकेट खिलाडिय़ों की मेहनत से रायगढ़ जिले को बड़ी सफलता मिली है। इसमें अंडर 19, 23, एवं सीनियर में 4 खिलाडिय़ों का चयन किया गया है।

जिला क्रिकेट संघ के सचिव रामचन्द्र शर्मा ने बताया कि अंडर 15 की टीम का ट्रायल पिछले दिनों लिया गया था। इसमें छत्तीसगढ़ की संभावित अंडर 15 टीम का चयन किया गया है। इसमें जिले की पक्षिका टोप्पो का चयन हुआ है। इसी तरह स्टेट लेबल के ट्रायल के लिए अंडर 19 टीम हेतु रोशनी ठाकुर, अंडर 23 के लिए ममता भगत एवं अनुपमा भगत सीनियर टीम के लिए वीरता चौहान का चयन हुआ है। इसमें सभी खिलाड़ी अलग-अलग दिवस पर अभ्यास मैच एवं स्टेट ट्रायल हेतु जल्द रवाना होंगे। इनके चयन पर शानदार सफलता पर अध्यक्ष संतोष पाण्डेय सचिव रामचन्द्र शर्मा, किशोर पटनायक, पंकज बोहिदार, संतोष मिश्रा, महेश्वर मिश्रा, जफर उल्लाह सिद्धीकी, वरिष्ठ अम्पायर विशाल सिंघानिया, महेश वर्मा, कोषाध्यक्ष आशीष शर्मा, महेन्द्र साव, राजा गोरख, अभिषेक गुप्ता, शानू भयानी, हिमांशु चावड़ा, महेश दधिची, चंद्रेश यादव, संतोष गुप्ता आदि ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए आने वाले मैचों हेतु शुभकामनाएं दी है।





- रोशनी, अनुपमा, ममता, वीरता दिखाएंगी मैदान में दम

## अज्ञात कारणों ने युवती ने खाया जहर, मौत

**रायगढ़।** लैलूंगा थाना क्षेत्र अंतर्गत एक युवती ने रात में अज्ञात कारणों से जहर सेवन कर लिया। जिससे आनन-फानन में उसके परिजन अस्पताल लेकर गए, जहां प्राथमिक उपचार के दौरान ही डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया है।

ग्राम मोहनपुर निवासी राधिका पैंकरा पिता लीलांबर पैकरा (22) पांच बहनों में तीसरी थी। 12 वीं तक पढ़ने के बाद वह स्कूल छोड़ कर घरेलू काम करने जाती थी। 5 मई को राधिका अपने परिवार के साथ तेंदूपत्ता तोड़ने जंगल गई थी। शाम तक ठीक रहने वाली युवती ने अचानक रात में कीटनाशक का सेवन कर लिया। इसके बाद रात में जब उसे उल्टियां होने लगी तो परिजनों को उसके जहर सेवन करने की जानकारी मिली। इसके बाद परिजन उसे आनन-फानन में लैलूंगा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर गए। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे रायगढ़ रेफर कर दिया गया। बीती रात करीब 9 बजे इलाज के दौरान युवती की सांसें थम गई।

**कुछ ही घंटों में चोरों ने वारदात को दिया अंजाम कोतरारोड पुलिस की रात्रि गश्त पर उठे सवाल**

# 'पुलिस के घर चोरी' से मचा हड़कंप लोग खुद को महसूस कर रहे असुरक्षित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कोतरारोड थाना क्षेत्र अंतर्गत बेखौफ चोरों ने पुलिस जवान के घर में ही धावा बोल कर पुलिस को खुलेआम चुनौती दे डाली है। अज्ञात चोरों ने आरक्षक के घर से नकदी सहित लाखों के जेवरात को पार कर दिया है। जिससे शहर में हड़कंप मचा हुआ है और शहरवासी खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। इस घटना से पुलिस की रात्रि गश्त पर भी सवाल उठ रहे हैं।

दरअसल महेन्द्र कुमार सिदार पिता मुरलीधर सिदार (36) कोतरारोड के कांटाहरदी गांव में रहता है। वहीं वर्तमान में जिला विशेष शाखा रायगढ में आरक्षक के पद पर पदस्थ है। 7 मई को वह दो दिन की आकस्मिक छुट्टी लेकर शाम को अपने घर कांटाहरदी गया था। 8 मई की रात करीब 8 बजे वह अपने माता-पिता व गांव के बरातू यादव को साथ लेकर शादी कार्यक्रम में शामिल होने कार से ग्राम शंकरपाली गया था। जाते समय आरक्षक के घर वालों ने घर के खिडकी-दरवाजा को बंद कर मुख्य व बाहर के दरवाजा में ताला लगाए थे। रात करीब 1.45 बजे सभी शादी कार्यक्रम से वापस घर लौटे। महेन्द्र घर के बाहर माता-पिता को कार से उतारकर बरातू यादव को उसके घर बस्ती अंदर छोड़ने चला गया। इसके बाद वापस घर आया तो उसके माता-पिता सकते में आ गए थे। पूछने पर पता चला कि अज्ञात चोरों घर के मुख्य दरवाजा का कुंडी तोड़कर तीनों कमरा के तीनों अलमारी के लॉकर को तोड़ दिया गया है। इसके बाद घर अंदर जाकर देखा गया तो सारा सामान बिखरा पड़ा था। इस घटना के बाद पुलिस की रात्रि गश्त पर भी सवाल उठ रहे हैं। क्षेत्र के लोगों की मानें तो रात में कभी भी पुलिस की पेट्रोलिंग गाड़ी नजर नहीं आती। बल्कि चोर पुलिस की तरह रात में गश्त करते रहते हैं। वहीं किसी मकान को सूना देख चोरी की घटना को अंजाम देते हैं।



### इन सामानों की हुई चोरी

अज्ञात चोरों ने आरक्षक के घर के आलमारी में रखे नकदी रकम 47 हजार रुपए, 1 सोने का हार कीमती दो लाख रुपए, 1 नग सोने की अंगूठी 19 हजार रुपए व तीन किलो चांदी के आभूषण डेढ़ लाख रुपए कुल कीमती 4 लाख 16 हजार रुपए को पार कर दिया था।

### वारदात में किसी करीबी के शामिल होने की आशंका

जिस तरह इस चोरी की घटना घटित हुई है, उससे तो यही लग रहा है कि इस वारदात को पीड़ित परिवार के किसी करीबी ने ही अंजाम दिया है। चोरों को आरक्षक द्वारा छुट्टी लेकर परिवार के साथ शादी समारोह में शामिल होने जाने की जानकारी पहले से थी। यही कारण है कि उनके जाने के कुछ ही घंटों में चोरों ने आरक्षक के घर हाथ साफ कर दिया। फिलहाल घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

## गंभीर चोट और हत्या के प्रयास मामलों पर कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के निर्देशानुसार अनुसंधानकर्ताओं के लिए प्रत्येक शनिवार को आयोजित होने वाली साप्ताहिक कार्यशाला के तहत 10 मई को हत्या के प्रयास और गंभीर चोट से जुड़े मामलों में अनुसंधान पर विशेष चर्चा की गई।

इस अवसर पर निरीक्षक आर्शिवाद राहटगांवकर थाना प्रभारी तमनार एवं उप निरीक्षक गेंद लाल साहू थाना चक्रधरनगर ने पिछले वर्षों के ऐसे मामलों के न्यायालयीन निर्णयों का विश्लेषण प्रस्तुत करते हुए बताया कि किस प्रकार प्रभावी विवेचना से आरोपियों को सजा हुई तथा कहां साक्ष्य के अभाव में आरोपी को न्यायालय से लाभ मिल गया। कार्यशाला में हत्या के प्रयास संबंधी धाराओं के तहत विवेचना के दौरान साक्ष्य संकलन की बारीकियों, गवाहों के प्रभावी परीक्षण एवं उच्च न्यायालयों के दृष्टांतों की व्याख्या की गई। पुलिस अधीक्षक ने साक्ष्य संकलन के दौरान ई.साक्ष्य के उपयोग पर विशेष बल देते हुए निर्देशित किया कि घटनास्थल की जब्तीए गवाहों के बयान एवं अन्य महत्वपूर्ण कार्रवाइयों की अनिवार्यतः वीडियोग्राफी की जाए, ताकि न्यायालय में प्रस्तुत साक्ष्य मजबूत और अविचलित रहें तथा अभियुक्तों को कठोर सजा दिलाई जा सके। इस अहम कार्यशाला में राजपत्रित अधिकारी, मुख्यालय के सभी थाना प्रभारी एवं विवेचकगण उपस्थित रहे, वहीं तहसील स्तर के थाना व चौकी प्रभारियों ने अपने विवेचक दल के साथ वर्चुअल माध्यम से सहभागिता निभाई।



## नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को 10 साल की सजा

**घरघोड़ा।** घरघोड़ा विशेष न्यायालय के न्यायाधीश शहाबुद्दीन कुरैशी ने पोक्सो एक्ट के मामले में अभियुक्त शिव शंकर उर्फ बेड़ा को 10 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। मामला लैलूंगा थाना क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार घटना के दिन नाबालिग लड़की के माता-पिता घर में नहीं थे। पीड़िता करीब 8 बजे अपने घर में अकेली थी। तभी आरोपी शिव शंकर उर्फ बेड़ा उसके घर आया और उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध स्थापित किया था। जिससे पीड़िता का स्वास्थ्य बिगड़ गया। ऐसे में उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। इसके बाद पीड़िता ने घटना की बात अपने परिजनों को बताई, जिसके बाद लैलूंगा थाना में पीड़ित के पिता की सूचना पर आरोपी के खिलाफ बलात्कार और पॉस्को एक्ट की धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया गया। विशेष न्यायाधीश ने प्रकरण में सुनवाई के बाद आरोपी शिव शंकर उर्फ बेड़ा को धारा 376 भारतीय दंड संहिता एवं धारा 4 पॉक्सो एक्ट के तहत दोष सिद्ध ठहराते हुए उक्त दोनों धारा में 10-10 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है साथ ही 500-500 रुपए के अर्थदंड से भी दंडित किया है। मामले की पैरवी शासन की ओर से अपरलोक अभियोजक राजेश सिंह ठाकुर ने की है।

## वित्त मंत्री व स्थानीय विधायक ओपी चौधरी ने दी स्वीकृति

# रायगढ़ में जल्द खुलेगा साइबर थाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए रायगढ़ जिले में जल्द ही एक साइबर थाना की स्थापना की जाएगी। राज्य शासन द्वारा साइबर फ्रॉड और डिजिटल धोखाधड़ी जैसे मामलों की बढ़ती संख्या को देखते हुए यह कदम उठाया जा रहा है।

वित्त मंत्री चौधरी ने रायगढ़ में प्रस्तावित साइबर थाना के संचालन के लिए 10 नए पदों के सृजन को स्वीकृति प्रदान कर दी है। यह साइबर थाना आधुनिक तकनीक से लैस होगा और इसमें प्रशिक्षित कर्मी नियुक्त किए जाएंगेए जो ऑनलाइन ठगीए फिशिंगए फर्जीवाड़ा व अन्य साइबर अपराधों की त्वरित जांच कर सकेंगे। वर्तमान युग में तकनीकों के साथ साथ साइबर अपराध के मामलों में भी लगातार बढ़ोतरी हो रही है। राज्य सरकार नागरिकों की डिजिटल सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्ध है।

साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने, आम जनता को राहत पहुंचाने और समय पर न्याय दिलाने के लिए रायगढ़ में यह थाना महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस साइबर थाने के शुरू होने से रायगढ़ जिले के नागरिकों को न सिर्फ समय पर न्याय मिलेगा, बल्कि साइबर अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई भी सुनिश्चित हो सकेगी।



### अत्याधुनिक संसाधनों से लैस होगा थाना

यह साइबर थाना अत्याधुनिक संसाधनों और प्रशिक्षित स्टाफ से लैस होगा, जो ऑनलाइन अपराधों की त्वरित जांच करेगा। इस थाने की स्थापना से न केवल पीड़ितों को राहत मिलेगी बल्कि साइबर अपराधियों के खिलाफ एक सख्त संदेश भी जाएगा। रायगढ़ के स्थानीय नागरिकों और जनप्रतिनिधियों ने इस फैसले का स्वागत किया है और इसे समय की जरूरत बताया है।

## कथक से चमका खरसिया का नाम दिल्ली में मिला बेस्ट परफॉर्मेंस अवॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले के खरसिया की प्रतिभाशाली कलाकार किरण शर्मा ने दिल्ली के टेक्निया ऑडिटोरियम में आयोजित सांस्कृतिक समारोह में अपनी कथक समूह नृत्य प्रस्तुति से सबका दिल जीत लिया। जैसे ही मंच पर छत्तीसगढ़ के खरसिया का अनाउंसमेंट हुआ, वहां मौजूद दर्शकों और प्रतिभागियों के बीच गर्व की लहर दौड़ गई।

किरण शर्मा की भाव भंगिमा, ताल, लय और नृत्य की प्रस्तुति इतनी प्रभावशाली रही कि उन्हें कार्यक्रम में बेस्ट परफॉर्मेंस अवॉर्ड और सम्मान पत्र से नवाजा गया। इस उपलब्धि पर न केवल किरण की फैमिली ने उन्हें ढेर सारी बधाइयां दीं, बल्कि खरसिया के निवासियों ने भी गर्व के साथ उन्हें शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान उनकी प्रस्तुति ने छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत की झलक प्रस्तुत की जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। किरण ने इस उपलब्धि का श्रेय अपने गुरुओं और माता.पिता के आशीर्वाद को दिया। उनकी यह सफलता युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बन गई है और खरसिया के नाम को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने में एक अहम भूमिका निभाई है।



full page all Bhoomi-2_Layout 1 5/10/2025 8:00 PM Page 1



Aasma
जिस पर विश्वास एक परंपरा है।

# आसमाँ की ज़मीन पर, रिश्तों का महल 1600 परिवारों की ख़ुशियों भरी चहल-पहल






आसमाँ से एयर स्ट्राइक
सिंदूर को मिला न्याय

जय हिन्द

आसमाँ बिल्डर्स ने आपके सपनों को साकार करने के लिए तैयार किये है पाँच तरह के ख़ूबसूरत घर. जहाँ हर ईंट में बसा है विश्वास और हर कोने में रची बसी है 1600 परिवारों की ख़ुशियाँ. आप भी आइये और अपने सपनों से घर में अपने आसमाँ का ख़ूबसूरत टुकड़ा जोड़ लीजिये.



AASMA ORCHID



AASMA TULIP



AASMA GULMOHAR



AASMA FLORA



AASMA LILY

1600 परिवारों का अटूट भरोसा

## विशेष सुविधाएँ

**गेट और सुरक्षा**
मुख्य प्रवेश द्वार पर ग्रिल्ड गेट, जहाँ पूरी सुरक्षा जाँच के बाद ही प्रवेश की अनुमति

**स्विमिंग पूल**
एक ख़ूबसूरत स्विमिंग पूल (प्रस्तावित)

**गार्डन और पार्क**
5 शानदार तरीके से मेंटेन किए गए गार्डन और पार्क

**सामुदायिक केंद्र, क्लब और जिम**
सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए बहुउद्देशीय सामुदायिक केंद्र, क्लब हाउस और जिम

**शॉपिंग आर्केड**
एक सुव्यवस्थित शॉपिंग आर्केड, जहाँ रोज़मर्रा की ज़रूरत की सभी चीज़ें आसानी से उपलब्ध

## अतिरिक्त इंफ्रास्ट्रक्चर सुविधाएँ

- 40 फीट और 30 फीट चौड़ी सीमेंटेड सड़कें, दोनों ओर हरियाली के साथ
- 24 घंटे पेयजल की आपूर्ति
- पर्यावरण-अनुकूल सीवेज और बंद ड्रेनेज सिस्टम
- पूरे परिसर के लिए अलग ट्रांसफॉर्मर
- पूरी तरह सुरक्षित प्रवेश, केवल उचित सत्यापन के बाद

आसमां रेसीडेन्सियल एनक्लेव, जैन इंटरनेशनल स्कूल के सामने, मुंगेली रोड, बिलासपुर (छ.ग.)

# आसमां बिल्डर्स एण्ड कॉलोनाइजर्स लिमि.

हेड ऑफ़िस - मुंगेली रोड, मिनोचा कॉलोनी, बिलासपुर (छ.ग.) | M.: 9984999855, 9981620000, 9755855116

10- MAY- RAG Bhoomi- p-3_Layout 1 5/10/2025 8:44 PM Page 1



**खबर संक्षेप**

## जल संरक्षण संवर्धन के लिए किए जा रहे प्रयास



**जशपुरनगर।** जिले में जल संरक्षण संवर्धन के लिए बेहतर प्रयास किए जा रहे हैं। सरकारी भवनों में रैन हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाया जा रहा है। जल एवं भूमि संरक्षण संवर्धन के लिए कलेक्टर रोहित व्यास और जिला पंचायत के सीईओ अभिषेक कुमार के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन द्वारा चलाई जा रही जल जागृति जशपुर अभियान के तहत जनपद पंचायत मनोरा के ग्राम पंचायत सूरजुला के तालाब में श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम मे सरपंच पंच, उपसरपंच, आंगनबड़ी कार्यकर्ता सहायिका, समूह की दीदियों एवं ग्रामवासियों की सहायता से श्रमदान से जल स्रोत के अंदर, झाड़ियों एवं मेड़ों की साफ सफाई की गई।

## बोलेरो पोकलेन मशीन से टकराई, तीन लोग जख्मी

**बिश्रामपुर।** अंबिकापुर - सिलफिली मुख्य मार्ग में कालीघाट के समीप सड़क निर्माण कार्य में लगी खड़ी चैन माउंटेन पोकलेन मशीन से टकरा कर बोलेरो वाहन क्षतिग्रस्त हो गई।बताया गया कि जयनगर निवासी भुनेश्वर सिंह,उनकी बहु सुनैना सिंह व परिवार के सदस्य वाहन में सवार होकर रिश्तेदार क्रे विवाह समारोह से वापस जयनगर लौट रहे थे, इस दौरान प्रातः आठ बजे के करीब बोलेरो वाहन क्रमांक सीजी 15 सी डब्ल्यू 0379 के चालक रंजीत सिंह को अचानक झपकी आ जाने से वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़ी चैन माउंटेन पोकलेन मशीन से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गई।हादसे में भुनेश्वर सिंह,सुनैना सिंह और चालक रंजीत को सिर में चोटें आई हैं।एक्सीडेंट होने के बाद जयनगर पुलिस की पेट्रोलिंग वाहन के मौके पर पहुंच जाने के बाद घटना में आहत लोगों को उपचार हेतु मिशन अस्पताल अंबिकापुर में भर्ती कराया गया है।

## घर के बाहर खड़े ट्रैक्टर को चोरों ने किया पार

**सीतापुर।** नगर समेत ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार चोरी की बढ़ती घटना ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। लोग अपनी जानमाल की सुरक्षा को लेकर बेहद चिंतित होने लगे है। बाइक चोरियों के बाद अब चोरों ने ट्रैक्टर चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। बताया जा रहा है कि मैनपाट के ग्राम कमलेश्वरपुर निवासी बरकत खान ने अपने ट्रैक्टर को घर के बाहर खड़ा किया था। इस दौरान देर रात अज्ञात चोरो ने ग्रामीण के ट्रैकर को पार कर दिया। चोर शातिर तरीके से ग्रामीण की ट्रैक्टर को लेकर फरार हो गए और घर के अन्दर मौजूद लोगों को इसकी जानकारी तक नहीं लग पाई। इस घटना के बाद ग्रामीण ने मामले की शिकायत पुलिस से की है लेकिन घटना को लेकर पुलिस की कार्यप्रणाली और रात्रि गश्त को लेकर सवाल उठने लगे है।

## ग्रामीण ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**बिश्रामपुर।** नाराज होकर घर से निकले ग्रामीण ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है।जयनगर पुलिस ने बताया कि ग्राम राजापुर गेल्हारीपारा निवासी 47 वर्षीय धरम पाल पिता स्व. भजू सिंह गोंड ने बीती रात किसी बात से क्षुब्ध होकर घर से निकला था, ग्रामीण का शव बुधवार को उसके पंप घर के पास आम के पेड़ पर लटका पाया गया है। सूचना पर पुलिस ने शव का पंचनामा व पीएम होने उपरांत शव को परिजन के सुपुर्द कर मामले में मर्ग कायम करते हुए विवेचना शुरू कर दी है।

## शिशु को जन्म देने के बाद महिला कैदी की मौत

**अम्बिकापुर।** पोस्को एक्ट के मामले में सजा काट रही महिला कैदी की शिशु का जन्म देने के बाद मौत हो गई। शिशु की हालत गंभीर होने पर एसएनसीयू कक्ष में रखा गया है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है।जानकारी के अनुसार मनेन्द्रगढ़ कोतवाल क्षेत्र के केवट मोहल्ला निवासी कौशल्या बाई साहू उर्फ सुनिता पति खेमन (46 वर्ष) साल 2023 को पोस्को एक्ट के मामले में गिरफ्तार किया गया था।

# तीन दिवसीय फ्लड लाइट वॉलीबॉल टूर्नामेंट का आगाज़

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले के खेल इतिहास में पहली बार रणजीता स्टेडियम में फ्लड लाइट के नीचे वॉलीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। तीन दिवसीय इस भव्य टूर्नामेंट का शुभारंभ शुक्रवार रात को हुआ। प्रतियोगिता का आयोजन खेल विभाग जिला प्रशासन और लायंस क्लब के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि सहायक आयुक्त संजय सिंह एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. मयंक श्रीवास्तव साथ ही पीटीआई सरफराज आलम,प्रदीप चौरासिया उपस्थित रहे।

- खिलाड़ियों में दिखा जबरदस्त उत्साह
- लायंस क्लब ने लोधम कुनकुरी को हराकर जीता



फ्लड लाइट वॉलीबॉल स्पर्धा का शुभारंभ करते अतिथि।



खेल का प्रदर्शन करते खिलाड़ी।

### 18 टीमों की भागीदारी

इस फ्लड लाइट टूर्नामेंट में जिलेभर से कुल 18 टीमों ने पंजीयन कराया है। खिलाड़ियों के उत्साह और आयोजन की भव्यता को देखते हुए विजेता टीम के लिए 21 हजार रु नकद और ट्रॉफी, उपविजेता को 15 हजार रु नकद व ट्रॉफी और तीसरे स्थान के लिए 7 हजार रु नकद पुरस्कार रखा गया है।

### उद्घाटन मुकाबले में लायंस क्लब की जीत

प्रतियोगिता का पहला मैच जशपुर लायंस क्लब और लोधम कुनकुरी के बीच खेला गया। कड़ी टक्कर वाले इस मुकाबले में लायंस क्लब की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए मुकाबला अपने नाम किया। दर्शकों ने फ्लड लाइट के नीचे इस रोमांचक मुकाबले का भरपूर आनंद लिया।

### खेलों को बढ़ावा देने सार्थक पहल

इस संबंध में जिले के नेशनल खिलाड़ी एवं समिति के संरक्षक रत्नेश यदु ने बताया कि इस आयोजन के जरिए जिले में खेल गतिविधियों को नई दिशा देने का प्रयास किया जा रहा है। पहली बार फ्लड लाइट में खेला जा रहा यह टूर्नामेंट युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बन रहा है।

### खेल युवाओं में अनुशासन और नेतृत्व बढ़ाता है : सिंह

उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सहायक आयुक्त संजय सिंह ने कहा, इस प्रकार के आयोजनों से न केवल खिलाड़ियों को मंच मिलता है, बल्कि युवाओं में ऊर्जा और सकारात्मकता का संचार होता है। वॉलीबॉल जैसे खेल टीम भावना, अनुशासन और रणनीति का उत्कृष्ट उदाहरण हैं। रणजीता स्टेडियम में पहली बार फ्लड लाइट टूर्नामेंट का आयोजन एक ऐतिहासिक पहल है, जो जशपुर को खेल मानचित्र पर मजबूत दस्तक देगा। उन्होंने आयोजन समिति को इस प्रयास के लिए बधाई दी और खिलाड़ियों से अपील की कि वे खेल को केवल प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि आपसी सम्मान और सीख का अवसर मानें।

### खेल शरीर के साथ मानसिक विकास का माध्यम : डॉ.श्रीवास्तव

विशिष्ट अतिथि डॉ.मयंक श्रीवास्तव ने कहा, आज के युवा मोबाइल और सोशल मीडिया की दुनिया में उलझते जा रहे हैं। ऐसे में मैदान में उतरना और खेलों में भाग लेना उन्हें शारीरिक और मानसिक रूप से सशक्त बनाता है। इस प्रकार के टूर्नामेंट केवल खेल आयोजन नहीं, बल्कि सामाजिक एकता और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का प्रतीक हैं।उन्होंने कहा कि जशपुर जैसे जिले में ऐसे आयोजन युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेंगे और खेल संस्कृति को नई दिशा देंगे।

### खेल प्रेमियों में उत्साह

रणजीता स्टेडियम में आयोजित इस वॉलीबॉल टूर्नामेंट को देखने के लिए बड़ी संख्या में खेल प्रेमी पहुंचे। फ्लड लाइट के रोमांच और खिलाड़ियों के दमदार प्रदर्शन ने दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। लोगों ने आयोजन की भूरी-भूरी प्रशंसा की।

ऑपरेशन मुस्कान की बड़ी सफलता

# पुलिस ने ढूंढ निकाला 5 गुम बच्चियां परिजन से मिलते ही छलक पड़ीं आंखें

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले में गुमशुदा बच्चों की तलाश में चलाए जा रहे ऑपरेशन मुस्कान ने एक बार फिर बड़ी सफलता दिलाई है। पुलिस ने बीते सात दिनों में जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों से गुम हुई 5 बच्चियों को खोज निकाला और उनके परिजनों के सुपुर्द किया। यह कामयाबी न सिर्फ पुलिस की मुस्तैदी को दर्शाती है, बल्कि उन परिवारों के लिए उम्मीद की किरण बनकर आई है। जिनके घर की मासूम बेटियां गुम हो चुकी थीं।

- सतना तक पहुंच गई थी एक युवती



खोजकर लाई गई युवती।

### नाराजगी में छोड़ दिया घर

5 मई को आस्ता थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति ने अपनी नाबालिग बेटी की गुमशुदगी की सूचना दी। जांच में सामने आया कि बालिका अपने पिताजी की बात से नाराज होकर सहेली के घर चली गई थी। 9 मई को पुलिस ने जशपुर बस स्टैंड से बच्ची को सकुशल बरामद किया। पूछताछ में उसने बताया कि वह जानबूझकर बिना बताए निकली थी ।

### गौरेला से हुई बरामद

27 अप्रैल को पत्थलगांव थाना में दर्ज रिपोर्ट के अनुसार एक 19 वर्षीय युवती अपने रिश्तेदार के यहां रह रही थी अचानक गायब हो गई। पुलिस की जांच में उसका लोकेशन ग्राम छीता, थाना गौरेला में मिला। टीम ने वहां पहुंचकर युवती को सुरक्षित बरामद किया और परिजनों को सौंपा।

### हर बच्चा हमारे लिए महत्वपूर्ण

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने कहा कि हम बच्चों और महिलाओं की सुरक्षा को सर्वोपरि मानते हैं। ऑपरेशन मुस्कान जैसे अभियान हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। हर गुमशुदा बच्चा हमारे लिए एक जिम्मेदारी है, और हम उन्हें सकुशल घर पहुंचाने के लिए हरसंभव प्रयास करते रहेंगे।

**सतना तक ले गई सोशल मीडिया की दोस्ती:** 8 मई को थाना बगीचा में एक पिता ने शिकायत दर्ज कराई कि उसकी 25 वर्षीय बेटी 7 मई को कंप्यूटर क्लास के लिए निकली थी और वापस नहीं लौटी। जांच में पता चला कि युवती की इंस्टाग्राम पर अजय बहेलिया नामक युवक से दोस्ती थी, जो सतना (मप्र) का रहने वाला है। वह युवती से मिलने अंबिकापुर पहुंचा और दोनों ट्रेन से सतना रवाना हो गए।

**अलग-अलग दिन, एक जैसी कहानी:** 26 अप्रैल और 8 मई को नारायणपुर थाना क्षेत्र के दो ग्रामीणों ने अपनी बेटियों के गुमशुदा होने की रिपोर्ट दर्ज कराई। दोनों नाबालिग बेटियां (16 और 17 वर्ष की) घर से बिना बताए चली गई थीं।परिजनों को संदेह था कि कोई युवक उन्हें बहला-फुसलाकर ले गया है। पुलिस की सतर्कता, मुखबिरों की मदद और तकनीकी ट्रेसिंग के जरिए एक को फरसाबहार और दूसरी को आस्ता से सकुशल बरामद कर लिया गया।



कलेक्टर के आदेश पर फर्जी क्लीनिक सील करते स्वास्थ्य व पुलिस अमला।

## कस्तूरा में झोलाछाप डॉक्टर का क्लीनिक सील

**जशपुरनगर।** ग्राम कस्तूरा में झोलाछाप डाक्टर द्वारा संचालित अवैध क्लीनिक को कलेक्टर के आदेश सील कर दिया गया है। लोगों ने सुशान शिविर में कलेक्टर से मौखिक शिकायत की थी।

तहसीलदार से प्राप्त जानकारी के अनुसार दुलदुला तहसील के ग्राम पंचायत कस्तूरा में झोलाछाप डॉक्टर इंद्र कुमार सिंह द्वारा जय गुरुदेव पैथोलॉजी एवं क्लिनिक का अवैध रूप से संचालन किया जा रहा था। सुशासन तिहार समाधान शिविर 2025 का आयोजन 10 मई को ग्राम कस्तूरा क्लस्टर में किया गया था। समाधान शिविर में ग्रामीणों द्वारा मौखिक शिकायत के आधार पर कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशानुसार तहसीलदार राहुल कौशिक, नायब तहसीलदार राजेश यादव, बीएमओ एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा शिकायत सही पाए जाने पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा अवैध रूप से संचालित क्लीनिक को सील किया गया।

## स्वामी आत्मानंद विद्यालय में प्रवेश के लिए लॉटरी प्रक्रिया संपन्न

जशपुरनगर। स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम नवीन आदर्श उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय में 1ली, 4थी, 7वीं और 8वीं के रिक्त सीटों में निष्पक्ष प्रवेश हेतु लॉटरी की प्रक्रिया शनिवार को सुबह 10 बजे विद्यालय में प्रारम्भ की गयी। प्राचार्य विनोद कुमार गुप्ता ने उपस्थित अभिभावकों को संबोधित करते हुए लॉटरी प्रक्रिया की समस्त जानकारी व नियमों को विस्तार पूर्वक बताया।

संपन्न हुए इस लॉटरी में लोक शिक्षण संचालनालय छत्तीसगढ़ द्वारा आदेशित समस्त नियमों का पालन करते हुए कक्षा पहली के 44 रिक्त सीट, चौथी के 3, सातवीं के 1 व आठवी कक्षा के 5 सीटों की प्रवेश हेतु मुख्य सूची व प्रतीक्षा सूची जारी की गयी, अधिकारियों व अभिभावकों की उपस्थिति में लॉटरी की प्रक्रिया को पूरी तरह से निष्पक्ष रूप से संपादित करते हुए अभिभावकों के माध्यम से ही पूरी पारदर्शिता के साथ इस प्रक्रिया को संपन्न किया गया। कुल रिक्त सीटों के 25 प्रतिशत सीटों पर बी पी एल परिवार के बच्चों स्थान दिया गया। चयन सूची के आधार पर प्रवेश हेतु कक्षा पहली हेतु आवश्यक दस्तावेजों में विद्यार्थी का जन्म प्रमाण पत्र, माता-पिता का आधार कार्ड, जाति व निवास प्रमाण पत्र व दो रंगीन फोटो तथा शेष कक्षाओं के लिए पिछली कक्षा की अंक सूची, स्थानांतरण प्रमाण पत्र, आपार आईडी, पेन नंबर, आधार कार्ड व दो रंगीन फोटो अनिवार्य है। जिसे 13 मई से 15 मई के मध्य प्रातः 9 से दोपहर 12 तक विद्यालय में जमा किया जाना अनिवार्य होगा, मुख्य सूची के पात्र विद्यार्थियों द्वारा 15 मई तक प्रवेश नहीं लिए जाने पर प्रतीक्षा सूची के विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाएगा। बीपीएल के आधार पर चयनित विद्यार्थियों के प्रवेश हेतु बीपीएल कार्ड दिखाना अनिवार्य होगा। लॉटरी की प्रक्रिया के माध्यम से चयनित पात्र विद्यार्थियों की सूची व प्रतीक्षा सूची विद्यालय के सूचना पटल पर देखी जा सकती है।



लॉटरी निकालती माता।

### जिला शिक्षा अधिकारी के प्रतिनिधि एवं प्राचार्य रहे उपस्थित

प्रवेश हेतु आज संपन्न इस लॉटरी में जिला शिक्षा अधिकारी के प्रतिनिधि के रूप में सहायक संचालक श्रीमती सरोज खलखो, प्राचार्य विनोद कुमार गुप्ता, विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्रीमती कल्पना टोप्पो, शिक्षक महेश गुप्ता, भैरव भौमिक, जयेश सौरभ टोपनो, प्रवेश प्रभारी सुरेश तांडी व समीर टोप्पो, सावित्री भगत, गीता यादव, कोलेता तिग्गा, जसिंता मिंज, शकुंतला बड़ाईक व अभिभावक गण उपस्थित थे।

## ग्रीष्मकालीन फसल में किसानों के लिए मूंगफली की फसल लाभदायक

**जशपुरनगर।** जिले में कृषि और उद्यान विभाग द्वारा भी धान के बदले अन्य फसल और ग्रीष्मकालीन तिलहन फसल लगाने के लिए कृषिकों को प्रेरित किया जा रहा है।

विभागीय योजनाओं से प्रोत्साहित होकर जिले के कई किसान ग्रीष्मकालीन दलहन तिलहन और मूंगफली की फसल का लाभ ले रहे हैं और अच्छी आमदनी प्राप्त कर रहे हैं। इसी कड़ी में मनोरा विकासखण्ड के ग्राम केसरा निवासी बरजू भगत ग्रीष्मकालीन मूंगफली फसल की खेती अपने 01 एकड़ में किए हैं। जिसके लिए उन्हें कृषि विभाग द्वारा निःशुल्क मूंगफली बीज 40 किग्रा प्रदाय किया गया है। कृषक भगत ने खेत की अच्छी तरह साफ-सफाई कर खेत को तैयार किया गया और अच्छी मात्रा में जैविक खाद भी डाला है। उन्होंने बताया की वर्तमान में उनका फसल बहुत अच्छा है फसल में फूल आने लगे है उन्हें उम्मींद है कि फसल से अच्छा उत्पादन भी मिलेगा। बरजू भगत ने जानकारी देते हुए बताया है कि ग्रीष्मकालीन फसल की खेती से पड़ती का रकबा कम हुआ, अनाज के साथ-साथ तेल की प्राप्ति होगा, मूंगफली के खली व सूखी पत्तियों से पशुओं को अच्छा आहार मिलेगा, मुझे मूंगफली से अच्छी आमदनी मिलेगा क्योकि अनाज की अपेक्षा तेल की कीमत अधिक होने से अधिक लाभ होगा, खेती के संसाधनों का समुचित उपयोग होगा, भूमि की भौतिक दशा में भी सुधार होगा, प्रति एकड़ अनाज वाली फसलों की अपेक्षा अधिक आमदनी होता है, अनाज की फसल के अपेक्षा तेल से दोगुना शुध्द आमदनी मिलती है, फसलों में कीट व्याधि का प्रकोप कम होता है।

- कम पानी से अच्छी फसल



किसान बरजू भगत।

उन्होंने बताया कि तिलहन खेती की प्रेरणा कृषि विभाग से मिला, साथ ही समय-समय पर कृषि विभाग द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी एवं वैज्ञानिको ने जानकारी दी। कृषक भगत पहले खरीफ में सिर्फ धान की फसल लेता था। रबी व ग्रीष्म ऋतु में खेत पड़ती रहती थी। पहले उनके पास सिंचाई साधन नही था। पिछले वर्ष सौर सुजला योजना अंतर्गत 3 हार्सपावर का सिचाई पंप लेकर खरीफ में धान की फसल करता था। इसके बाद बाकि समय खेत पड़ती रहता था। जिससे सिर्फ एक फसल व सिर्फ धान की खेती से अनाज की प्राप्ति होती थी। इस वर्ष कृषि विभाग के अधिकारियों के मार्गर्शन में ग्रीष्मकालीन खेती कर रहे हैं। जिससे दोगुनी आमदनी होनी की संभावना है।

## कार व बाइक में भिड़ंत तीन लोगों की गई मौत

**अम्बिकापुर।** त्रिकुण्डा शारदापुर मुख्य मार्ग पर कार व बाइक में आमने सामने भिड़ंत हो गई। भिड़ंत इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार दंपती की घटना स्थल पर ही मौत हो गई जबकि गंभीर रूप से घायल कार सवार एक युवक की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। वही मृतक दंपति के परिजन ने पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। बलरामपुर थाना अंतर्गत ग्राम पेण्ड्रा निवासी प्रमोद शर्मा आ. सूरजदेव (34 वर्ष) गुरुवार की सुबह सरसरी नारायण दीक्षित के साथ कार क्रमांक सीजी 30 एच 3515 से इलाहाबाद घूमने जाने के लिए निकले थे। जैसे ही कार सवार त्रिकुण्डा अंतर्गत शारदापुर मुख्य मार्ग पर पहुंचे तभी ग्राम धरमी ससुराल से शादी कार्यक्रम में शामिल होकर पत्नी कमला देवी के साथ लौट रहे रघुनाथ नगर थाना अंतर्गत ग्राम हरिगवां निवासी राम सुभग खैरवार की बाइक क्रमांक सीजी 15 डीएम 5289 से आमने सामने भिड़ंत हो गई। कार की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार दंपती की मौके पर ही मौत हो गई जबकि कार सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों का वाड्रफनगर अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने प्रमोद शर्मा की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां बीती रात उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

# लुड़ेग के सुशासन तिहार समाधान शिविर में शामिल हुईं विधायक गोमती

**पत्थलगांव।** विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत लुड़ेग में आयोजित सुशासन तिहार के समाधान शिविर मे विधायक गोमती साय शामिल हुई। उन्होंने ग्रामीणों से सीधा संवाद कर उनकी समस्या जान त्वरित समाधान के लिए संबंधित विभाग को निर्देशित किया। शिविर में केन्द्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को उपकरण एवं सामग्रियों का वितरण किया, हितग्राहियों को राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड का वितरण की और नन्हे बच्चों को खीर खिलाकर उनका अन्नप्राशन कराई। साथ ही गर्भवती महिलाओं को जननी सुरक्षा योजना के तहत पोषित आहार का वितरण किया गया।

विधायक साय ने कहा कि मोदी की गारंटी को पूरा करते हुए लोगों के विकास के लिए हमारे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व मे छत्तीसगढ़ सरकार गांव की अंतिम ग्रामीण तक पहुंच कर उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए संकल्पित हैं।

संवाद एवं समाधान के महापर्व में जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय , जनपद अध्यक्ष धनियारो पराह, जिला मंत्री मनीष अग्रवाल, रोशन प्रताप सिंह, फिलिस्पिना एक्का, मण्डल अध्यक्ष विशाल अग्रवाल, मण्डल अध्यक्ष अंकित बंसल, शकुन्तला चौहान जगदीश यादव सुरेश यादव संजय अग्रवाल, विभिन्न जनपद सदस्य, सरपंच गण, साहित भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं सहित सभी विभाग के पदाधिकारी और बड़ी संख्या मे ग्रामीण उपस्थित हो कर महापर्व को सफल और सार्थक बनाए।



ग्रामीणों को पीएम आवास की चॉबी सौंपती गोमती साय।

## कस्तूरा समाधान शिविर विद्यार्थी सम्मानित



**जशपुरनगर।** सुशासन तिहार के तृतीय चरण के अंतर्गत 5वें दिन समाधान शिविर का आयोजन दुलदुला विकासखण्ड के ग्राम कस्तूरा में किया गया। इस शिविर में कस्तूरा क्लस्टर के कस्तूरा, बरपानी, चापाटोली, जामटोली, जामपानी, झरगांव ग्रामों के आवेदनों के निराकरण पर चर्चा की गयी। इस शिविर में कलेक्टर रोहित व्यास, जिला पंचायत उपाध्यक्ष शौर्य प्रताप सिंह जूदेव, जनपद अध्यक्ष रामकुमार सिंह, एसडीएम नंदजी पांडे सहित सभी ग्रामों के सरपंच शामिल रहे। इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा सुशासन को घर घर तक पहुंचाने के लिए सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत प्राप्त सभी आवेदनों का निराकरण किया गया है। उन्होंने कहा कि गांव की समस्याओं का गांव में ही समाधान के लिए ग्रामीण सचिवालयों का भी अब निरन्तर संचालन किया जा रहा है। इस अवसर पर कलेक्टर ने लोगों को जागरूक करते हुए बताया कि शासन द्वारा पीडीएस के माध्यम से विभिन्न मिनरल और पौष्टिक गुणों से भरपूर फोर्टिफाइड चावल का वितरण किया जा रहा है।

## कलेक्टर ने समाधान शिविर का किया निरीक्षण



**जशपुरनगर।** सुशासन तिहार के तीसरे चरण में शनिवार को समाधान शिविर का आयोजन विकास खंड के ग्राम लोखंडी में किया गया। इस शिविर में कलेक्टर रोहित व्यास ने शिविर का निरीक्षण किया और समाधान शिविर के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राज्य शासन द्वारा तीन चरणों में समाधान शिविर का आयोजन किया गया है। प्रथम चरण में आवेदन लिया गया और दूसरे चरण में प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया गया तीसरे चरण में समाधान शिविर के माध्यम से लोगों को उनके आवेदनों के संबंध में जानकारी दी जा रही है। शिविर में कलेक्टर ने कहा, कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर पूरे राज्य में सुशासन की स्थापना और लोगों से सीधे संवाद कर उन्हें लाभान्वित करने और सुशासन को घर घर तक पहुंचाने के लिए सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। समस्याओं के समाधान के लिए ग्रामीण सचिवालयों की स्थापना की जा रही है। इन सचिवालयों में ग्रामीण अधिकारी जैसे पटवारी, सरपंच, सचिव आदि हफ्ते में एक बार गांव में एक जगह बैठेंगे और ग्रामीण समास्याओं का निराकरण करेंगे।

## खबर संक्षेप

### मिला नशीली दवाओं का जखीरा, 8 लाख का माल जब्त

**चांपा।** 8 लाख के नशीली सीरप के साथ पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के कब्जे से 35 हजार 480 नग नशीली टेबलेट व सीरप जब्त किया है। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस की धारा के तहत कार्रवाई की गई है। मामला चांपा शहर के बेलदारपारा का है। इस संबंध में चांपा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गुरूवार 8 मई को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति रेल्वे ब्रिज के नीचे बेलदारपारा चांपा में अवैध रूप से नशीली दवा बेच रहा है। सूचना पर वरिष्ठ अधिकारियो को अवगत कराते हुये, टीम के साथ मौके पर पहुचे जो एक व्यक्ति पुलिस टीम को देखकर भागने के फिराक में था, जिसे घेराबंदी कर पकडा गया नाम पता पूछने पर अपना नाम अविनाश यादव निवासी तलवापारा जांजगीर बताया। जिसके पास मिले थैला को तलाशी करने पर उसके पास से अवैध नशीली कफ सीरप प्रीकफ टी 120 नग तथा नशीली टेबलेट पीओवन स्पस प्लस 4 हजार 28 नग मिला। जिसे विधिवत जप्त किया गया तथा नशीली पदार्थो के संबंध में पूछताछ करने पर बताया कि जांजगीर के दुर्गेश यादव निवासी न्यू चंदनियापारा जांजगीर के साथ मिलकर नशीली दवाओ को रखना और बेचना बताने पर तत्काल पुलिस टीम के द्वारा दुर्गेश यादव के मकान पर रेड कार्यवाही की गई। छापामार कार्रवाई के दौरान दुर्गेश यादव के कब्जे से नशीला कफ सिंरफ प्रीकफ टी 240 नग तथा नशीला टेबलेट स्पस प्लस 28 हजार 560 नग टेबलेट तथा नशीली टेबलेट स्पासमो प्रोएक्सवीन प्लस कुल 2 हजार 592 नग बरामद हुआ। इस तरह पुलिस टीम के द्वारा दोनो आरोपियो के कब्जे से अवैध नशीली सिरफ कुल 360 नग तथा अवैध नशीली टेबलेट कुल 35 हजार 480 नग जब्त किया गया। जब्त दवा की कीमत 4 लाख 8 हजार 362 बताई जा रही है। दोनो आरोपियो को धारा 21(सी) 22,29 एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार कर वैधानिक कार्यवाही किया जा रहा है। प्रकरण में विवेचना के तहत संलिप्त अन्य आरोपियो के गिरोह तथा अवैध नशीली पदार्थो के सप्लायर के संबंध में जानकारी एकत्रित कर प्रभावी तथा कठोर वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

### बम्हनीडीह को नहीं मिला नपं का दर्जा, नोटिस जारी

**जांजगीर-चांपा।** छह माह बीत जाने के बाद भी अब तक बम्हनीडीह को नगर पंचायत का दर्जा नहीं मिल पाया है। इसे लेकर हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को नोटिस जारी किया है। ज्ञात हो कि बम्हनीडीह ग्राम पंचायत को नगर पंचायत में गठन करने हेतु शासन ने 4 नवम्बर 2024 को अधिसूचना जारी की। यह अधिसूचना धारा 5 नगरपालिका अधिनियम की शक्तियों का प्रयोग करते हुए जारी की गई। नगर पंचायत बम्हनीडीह का गठन हुए छह माह बीत जाने के बाद भी नगर पंचायत बम्हनीडीह हेतु आम चुनाव की घोषणा नहीं की गई और नगर पंचायत के कार्य संचालन हेतु विशेष समिति का गठन नहीं किया गया। इसके विरुद्ध पूर्व ग्राम पंचायत बम्हनीडीह की सरपंच मालती पटेल द्वारा उच्च न्यायालय में अधिवक्ता सुशोभित सिंह के माध्यम से याचिका दायर की गई। याचिका में बताया गया नवगठित नगर पंचायत हेतु धारा 16के अनुसार विशेष समिति का गठन किया जाना चाहिए तथा गठन के छह माह के भीतर विधिवत आम चुनाव घोषित किया जाना चाहिए। याचिका पर संज्ञान लेते हुए उच्च न्यायालय ने नगरीय प्रशासन विभाग एवं राज्य निर्वाचन आयोग को नोटिस जारी किया है।

### अवैध पार्किंग पर वाहन चालकों से वसूला जुर्माना

**अकलतरा।** नगर में अवैध एवं बेतरतीब पार्किंग के चलते नगर वासियों को लंबे समय से परेशानियों को देखते हुए आज पुलिस के द्वारा नगर की सड़कों में अवैध एवं बेतरतीब रूप से पार्क किए गए गाड़ियों पर चालान की कार्रवाई की गई। नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि रोहित सारथी ने बताया कि नगर की सड़कों में लंबे समय से अवैध रूप से गाड़ियों को पार्क किए जाने के चलते आवागमन करने वाले लोगों को अत्यधिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था।

### जल के अभाव में जलीय जंतुओं की हो रही मौत

# पांच माह पहले भुजबंधान तालाब का निकाला पानी, अब होगी सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

बैकुण्ठपुर स्थित भुजबंधान तालाब की सफाई कराने के लिए करीब 5 माह पहले तालाब का पानी निकाल लिया गया, किंतु इन महिनों में तालाब की साफ सफाई नहीं की गई। अब इस कार्य में करीब 5.5 लाख रूपए खर्च होने की बात कही जा रही है। अहम बात यह है कि तालाब सूख चुका है और जल के अभाव में इसमें पाए जाने वाले जलीय जंतुओं की भी मौत हो चुकी है, वहीं गर्मी के समय यहां कुछ प्रवासी पक्षियों का भी डेरा रहता है। जो अब नहीं है।

बता दें कि बैकुण्ठपुर स्थित भुजबंधान तालाब तीन वार्डों से घिरा हुआ है। इसके ईर्द गिर्द वार्ड क्रमांक 2, 14 और 16 लगता है। ऐसे में बड़ी आबादी निस्तारी के लिए इस तालाब पर निर्भर हैं। वहीं इस तालाब के बड़े आकार के कारण यह कई प्रकार के जलीय जीव जंतु भी बसेरा भी है। बताया जा रहा है कि इस तालाब के लिए अक्सर फंड की मांग की जाती है। किंतु काफी लंबे समय से इसकी साफ सफाई नहीं होने के कारण यह तालाब हमेशा उपेक्षित रहा। मोहल्ले वासियो के अनुसार नगर निगम चुनाव के ठीक बाद इस तालाब के पानी को पंप की सहायता से फेंक दिया गया और तालाब को खाली कराया गया। किंतु जब 4 से 5 माह बीत जाने के बाद भी तालाब में किसी प्रकार का काम नहीं हुआ तो मोहल्लेवासियों में भी इसे लेकर काफी असमंजस देखने को मिली। मोहल्लेवासियो के अनुसार काफी वक्त से इस तालाब की साफ सफाई को लेकर ध्यान नहीं दिया जाता है। जिसकी वजह से हमेशा तालाब में जलकुंभी का जमाव हमेशा ही देखने को मिलता है। हालांकि देखने वाली बात यह है कि इसकी साफ सफाई के साथ ही इस तालाब का जीर्णोद्धार कब तक होता है।



जल के अभाव में भुजबंधान तालाब की हो रही दुर्गति।

#### प्रवासी पक्षियों का रहता है बसेरा

इस बारे में बताया गया कि तालाब में काफी संख्या में मछली व कचुआ आदि थे। किंतु पानी की निकासी के साथ ही सभी जलीय जीव जन्तु मर गए। वहीं गर्मी दिनों में यहां अक्सर कुछ प्रवासी पक्षियों को भी कई बार देखा जाता था। किंतु इस बार तालाब में पानी नहीं होने के कारण वे भी नजर नहीं आए। जबकि गर्मी के समय उक्त पक्षियों का डेरा हमेशा रहता था।

#### जीर्णोद्धार करने की थी मांग

मोहल्लेवासियों के अनुसार चुंकि उक्त तालाब तीन वार्डों से घिरा हुआ है तो ऐसी स्थिति में इस तालाब के पानी का उपयोग निस्तारी के लिए तीनों वार्ड के रहवासी करते हैं। ऐसे में तालाब की साफ सफाई करने तथा इसका जीर्णोद्धार करने की मांग काफी लंबे समय से चल रही थी। किंतु इस पर ध्यान नहीं दिया गया।

#### जल्द होगी सफाई

तालाब की साफ सफाई के लिए करीब 5.50 लाख रूपए खर्च होना है। साफ सफाई का काम जल्द ही शुरू होगा, जिसके बाद इसके जीर्णोद्धार को लेकर काम किया जाएगा।

अशोक यादव
वार्ड पार्षद, वार्ड क्रमांक 16

# पति की हत्या करने वाली पत्नी को आजीवन कारावास

**घरघोड़ा।** अपर सत्र न्यायाधीश अभिषेक शर्मा ने अभियुक्त रायस मोती को अपने पति की हत्या का दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही अर्थ दंड से भी दंडित किया है।

दरअसल 17 मार्च 2019 को प्रार्थी रामसागर रठिया निवासी मदनपुर चौकी रैरूमाखुर्द थाना धरमजयगढ़ द्वारा थाना में इस आशय की सूचना दी गई कि रायस मोती ने अपने पति राम प्रसाद राठिया की हत्या करने की नीयत से टांगी से हमला किया। जिससे राम प्रसाद के गले, दाहिने हाथ के भुजा में काफी गहरी चोटें आई और घर के परछी में उसकी मौत हो गई। उक्त सूचना के आधार पर चौकी प्रभारी रैरूमाखुर्द द्वारा प्रकरण को जांच में लेते हुए विवेचना शुरू की गई। जिसमें पाया गया कि मृतक राम प्रसाद की पत्नी रायस मोती ने ही अपने पति को टांगी से वार कर उसकी हत्या की थी और वहां से भाग कर अपने मायके ग्राम सुपकोना चली गई थी। प्रकरण में रायस मोती के खिलाफ अपराध किए जाने के सबूत पाए जाने पर पुलिस ने उसके खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले को न्यायालय में पेश किया था। रायस मोती के खिलाफ आए साक्ष्य के आधार पर उसे अपने पति की हत्या का दोषी पाया गया और कोर्ट ने उसे आजीवन कारावास के की सजा सुनाते हुए 1 हजार रुपए अर्थदंड से दंडित किया है। मामले की पैरवी शासन की ओर से अपर लोक अभियोजक हरि लाल पटेल ने की है।

### जल संरक्षण के प्रति ग्रामीणों को संवेदनशील होने की आवश्यकता

**सक्ती।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग सक्ती द्वारा ग्राम जल जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जल जीवन मिशन योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए ग्राम पंचायतों को जागरूक करने की आवश्यकता है। पेयजल संरचनाओं जल संरक्षण एवं संवर्धन,जल प्रबंधन के महत्व को समझना जरूरी है। ग्रामीणों को जल संरक्षण के प्रति संवेदनशील होने की आवश्यकता है। पानी का उपयोग करने की जानकारी दिया गया। इसके साथ ही जल जीवन मिशन के कार्य, जल गुणवत्ता व पानी का सदुपयोग करने एवं पानी का महत्व व जल संकट के बारे में विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत वासु जैन, कार्यपालन अभियंता आई.पी.मंडावी, जिला पंचायत अध्यक्ष,उपाध्यक्ष, सदस्य एवं समस्त विभाग प्रमुख को इस अभियान को सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए आग्रह किया गया।

# पीएमश्री नटवर स्कूल के छात्रों ने बोर्ड परीक्षा में किया शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

- पायल ने जिला स्तर की मेरिट सूची में प्राप्त किया 7वां स्थान

पीएम नटवर अंग्रेजी माध्यम स्कूल के कक्षा 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों ने छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित वार्षिक परीक्षा 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है। अंग्रेजी व हिन्दी दोनों माध्यमों में छात्रों का परिणाम उल्लेखनीय रहा। कक्षा 10वीं अंग्रेज़ी माध्यम विद्यालय में कुल 91 विद्यार्थी शामिल हुए जिनमें से 86 ने सफलता प्राप्त की।

उत्तीर्ण प्रतिशत 94.50 प्रतिशत रहा। प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण छात्रों की संख्या 55 रही। जिसमें से 13 विद्यार्थियों ने 80 से 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किए, जबकि 8 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए। कक्षा 10वीं की छात्रा कुसुम डनसेना ने 97.33 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया और जिला स्तरीय मेरिट सूची में पांचवां स्थान प्राप्त किया। वह केवल 2 अंकों से राज्य स्तरीय मेरिट सूची के टॉप 10 में स्थान बनाने से चूक गई। इसी तरह कक्षा 10वीं हिंदी माध्यम में कुल 76 छात्र परीक्षा में शामिल हुए जिनमें से 58 छात्र सफल घोषित हुए और उत्तीर्ण प्रतिशत 76.32 प्रतिशत रहा। प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण विद्यार्थियों की संख्या 34 रही। जिसमें 5 छात्रों ने 80 प्रतिशत से 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। कक्षा 12वीं अंग्रेज़ी माध्यम में कुल 128 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जिनमें से 109 उत्तीर्ण हुए। उत्तीर्ण प्रतिशत 85.16 प्रतिशत रहा। जिसमें प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण विद्यार्थियों की संख्या 74 रही। 16 छात्रों ने 80 प्रतिशत से 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किए जबकि 2 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। कॉमर्स संकाय की छात्रा पायल ने 94.6 प्रतिशत अंकों के साथ जिला स्तरीय टॉप 10 सूची में सातवां स्थान प्राप्त किया, जो विद्यालय के लिए अत्यंत गौरव का विषय है। कक्षा 12वीं हिंदी माध्यम में 139 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए, जिनमें से 115 सफल हुए। कुल उत्तीर्ण प्रतिशत 82.73 प्रतिशत रहा। जिसमें से 82 छात्रों ने प्रथम श्रेणी में सफलता प्राप्त की। 10 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से 90 प्रतिशत के बीच अंक प्राप्त किए।

प्राचार्य ने छात्रों को दी शुभकामनाएं विद्यालय की प्राचार्य रूबी सज्जू वर्गीस, शाला के समस्त शिक्षकों और शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष व सदस्यों ने छात्रों की उपलब्धियों पर हर्ष व्यक्त करते हुए सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए जीवन में और ऊंचा मुकाम हासिल करने को कहा। उन्होंने उक्त सफलता को विद्यार्थियों की कठिन मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम बताया।



# बुजुर्गों का बना वय वंदना कार्ड, कहा- उम्र के इस पड़ाव में इलाज होगा आसान

**रायगढ़।** सुशासन तिहार अंतर्गत जिले के विभिन्न स्थानों में समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में पुसौर के कोड़ातराई तमनार के चितवाही खरसिया के सरवानी एवं धरमजयगढ़ के मुनुन्द समाधान शिविर का आयोजन किया गया।

खरसिया के सरवानी में आयोजित शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा बुजुर्ग रामलाल साहू, भगतीन बाई, श्यामा लाल, संतराम डनसेना, अभय राम केसरवानी व शकुंतला केसरवानी को वय वंदना कार्ड प्रदान किया गया। कार्ड के बनने से उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि उम्र के इस पड़ाव में अब आसानी से इलाज की सुविधा मिल पाएगी। इसी प्रकार राजेश्वर कंवर, फागू लाल, राम कुमार गबेल, हरिचंद, कुशराम केवट दौलत राम गबेल एवं विकास को खाद्य विभाग द्वारा मौके पर प्राथमिकता राशन कार्ड प्रदान किया गया। हितग्राहियों ने कहा कि अब राशन प्राप्त करने में सहूलियत होगी। वहीं कृषक कीर्तन को किसान किताब, खोज राम को फौती अद्यतन पश्चात एवं लक्ष्मी नारायण को अभिलेख सुधार पश्चात बी-1 प्रदान किया गया। साथ ही धनश्याम सिदार, संजय, देवी प्रसाद एवं गांधी को अनुदान पर हैंड स्प्रेयर प्रदान किया गया। कृषकों ने कहा कि किसान किताब एवं हैंड स्प्रेयर मिलने से अब खेती किसानी आसान होगी। इस दौरान महिला बाल विकास विभाग द्वारा अन्न प्रासन्न एवं गोद भराई करवाया गया। इसी तरह पुसौर के कोड़ातराई में आयोजित शिविर में लोहर सिंह निवासी भोज कुमारी व कुमारी गुप्ता को पीएम आवास की प्रतीकात्मक चाबी प्रदान की गई। हितग्राहियों ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि शासन की योजना से उनका घर का सपना पूरा हुआ है। इसी तरह लोहरसिंह निवासी मनोहर को मत्स्य विभाग द्वारा जाल, बेलपाली निवासी कविता चौहान, झारमुड़ा निवासी रागनी एवं सोमवती को खाद्य विभाग द्वारा नया राशन कार्ड, कोड़ातराई निवासी बोधई, सूरज चौहान को आयुष्मान कार्ड प्रदान किया गया। आयोजित शिविर में लगभग 250 मांग एवं शिकायतों के आवेदन भी प्राप्त किए गए।



#### चितवाही व मुनुन्द में भी शिविर

जिले के विकासखंड तमनार के चितवाही व धरमजयगढ़ के मुनुन्द में भी जनसामान्य की सुविधा के लिए समाधान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। हितग्राहियों ने समाधान शिविर की सराहना करते हुए कहा कि शिविर के माध्यम से मांग एवं शिकायत के आवेदनों को लेने के साथ ही त्वरित निराकरण का प्रयास किया जा रहा है। इसके साथ ही जिला स्तरीय विभागों के सभी स्टॉल लगने से विभागीय योजनाओं की जानकारी आसानी से मिल रही है। इस अवसर जनपद अध्यक्ष जागेश्वर, उपाध्यक्ष गायत्री बेहरा, डीडीसी बंशीधर चौधरीए सत्यानंद राठिया, बीडीसी गीता पैकरा, देवसिंह राठिया सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

#### हितग्राही हुए लाभान्वित

शिविर में बड़ी संख्या में स्कूली बच्चों को जाति प्रमाण पत्रों का वितरण, बी-1, किसान किताब, हैंड स्प्रेयर, वय वंदन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, सिकल सेल कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना, पेंशन, जॉब कार्ड, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड जैसे विभिन्न योजनाओं से पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया।

#### लगा स्वास्थ्य कैम्प

सरवानी में आयोजित समाधान शिविर में स्वास्थ्य कैम्प का भी आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने अपना बीपी, शुगर, सिकल जैसे विभिन्न प्रकार के स्वास्थ्य जांच करवाएं। शिविर में 6 आयुष्मान, 6 वय वंदन कार्ड बनाया गया। मौके पर विजेंद्र चौहान, नियमेश कुमार पटेल, संजय चौहान, विनय कुमार, भूपेंद्र पटेल एवं प्रकाश गुप्ता ने स्वयं से रक्त दान किया। जिन्हें प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

#### 13 को यहां लगेंगे शिविर

सुशासन तिहार के तीसरे चरण में 13 मई को जिले के 5 स्थानों में प्रातः 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक शिविर का आयोजन होगा। इसमें घरघोड़ा के माता मंदिर सामुदायिक भवन, धरमजयगढ़ के गणेश मंच रायगढ़ रोड, किरोड़ीमल नगर के कार्यालय भवन, पुसौर के संवरा पारा सामुदायिक भवन एवं खरसिया के पंडित दीनदयाल सामुदायिक भवन शामिल है।

# सब्जी मंडी में बारिश से पहले बनेगी बीटी सड़क और नाली

### बाजार को व्यविस्थत और समृद्ध बनाने निगम ने कसी कमर



#### महापौर और पार्षद निधि से बनेगा नाला

संजय मार्केट शहर के निचले हिस्से में होने और खराब ड्रेनेज सिस्टम होने के कारण हर साल बारिश में यहां जलभराव की स्थिति बन जाती थी। शहर के सुभाष चौक, महात्मा गांधी चौक के एरिया का पानी भी यहां नाले से जाता है। कुछ दिनों पूर्व ही यहां के व्यापारियों के द्वारा महापौर से इसकी शिकायत भी की गई थी। जिसके बाद महापौर जीवर्धन चौहान ने सभापति व एमआईसी सदस्यों के साथ उक्त स्थल का निरक्षण भी किया था। व्यापारियों की समस्या को देखते हुए अब महापौर ने अपने निधि से यहां पर 25 लाख रूपए से नाला निर्माण के कार्य को स्वीकृति प्रदान की है। और वार्ड पार्षद सुरेश गोयल ने भी पार्षद निधि से राशि देने की घोषणा की है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शनिवार को सुबह नगर निगम के महापौर, सभापति और आयुक्त ने संजय काम्प्लेक्स सब्जी मंडी का निरीक्षण किया। इस दौरान निगम टीम के साथ एमआईसी सदस्य, पार्षदगण के आलावा स्थानीय जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

विदित हो कि शहर के संजय मार्केट सब्जी मंडी को समृध्द बनानें, नगर निगम की टीम पूरी तरह मुस्तैद है। विगत 10 दिनों से निगम के द्वारा संजय मार्केट में विभिन्न प्रकार के कार्य किए जा रहे हैं। कुछ दिनों पूर्व ही निगम आयुक्त ने निगम टीम के साथ सब्जी मंडी के व्यापारियों को आग्रह कर नालियों के उपर किए गए अतिक्रमण को हटाया था। वहीं कपड़ा एवं अन्य व्यवसायियों को भी समझाइस देकर निर्धारित दायरे के अंदर सामान रखने को कहा गया था।

निगम के द्वारा की गई इस कार्रवाई का ही नतीजा है किए जिस सड़क पर पहले पैदल चलना मुश्किल हो गया था, अब वहां दो पहिया वाहन आराम से जा रहे हैं। अब निगम के द्वारा संजय मार्केट कॉम्प्लेक्स के चारों ओर बीटी सड़क का निर्माण किया जाएगा। जिसके लिए निगम के द्वारा इस्टीमेट तैयार किया जा रहा है। बीटी सड़क का निर्माण हो जाने से यहां के व्यापारियों के साथ-साथ यहां आने वाले ग्राहकों को भी सुविधाएं होंगी। सड़क निर्माण के बाद यहां की चौड़ाई इतनी हो जाएगी कि यहां दुपहिया और चारपहिया वाहन आराम से आ जा सकेंगें। मौके पर इनकी रही उपस्थिति निरीक्षण के दौरान महापौर जीवर्धन चौहान, सभापति डिग्रीलाल साहू, आयुक्त ब्रजेश सिंह क्षत्रीय, एमआईसी सदस्य सुरेश गोयल, पूनम सोलंकी, अशोक यादव, मुक्तिनाथ बबुआ, त्रिवेणी डहरे, अमित शर्मा, आनंद भगत, पार्षद ज्योति यादव, नेहा देवांगन, मुक्कु यादव, भारद्वाज, निगम उपायुक्त सुतीक्षण यादव, ईई अमरेश लोहिया, एई सूरज देवांगन, शिव यादव, रमेश तांती, अरविंद उपाध्याय उपस्थित रहे।

# विद्यार्थियों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए मंगाए गए आवेदन

**रायगढ़।** जिले में संचालित छात्रावास आश्रमों में वर्ष 2025-26 हेतु प्रवेशित अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों के लिए स्वस्थ तन स्वस्थ मन स्वास्थ्य सुरक्षा योजना 2007 अंतर्गत रायगढ़ जिले के निजी प्रेक्टिशनरों जिनकी योग्यता एमबीबीएस बीएएमएस एवं बीएचएमएस डिग्रीधारी चिकित्सकों से एक या एक से अधिक संस्थाओं छात्रावास आश्रम के लिए 25 मई तक आवेदन मंगाए गए हैं।

सहायक आयुक्त आदिवासी विकास रायगढ़ से प्राप्त जानकारी के अनुसार निजी प्रेक्टिशनर चिकित्सकों को जिले में स्वीकृत 50 सीटर छात्रावास आश्रमों में प्रवेशित छात्र-छात्राओं के चिकित्सकीय परीक्षण हेतु 750 रुपए प्रति भ्रमण एवं 100 सीटर छात्रावास आश्रमों में छात्र छात्राओं के चिकित्सकीय परीक्षण हेतु 1200 प्रतिभ्रमण मानदेय भुगतान दिया जाएगा। निजी चिकित्सक माह में कम से कम दो बार छात्रावास आश्रम के छात्रों का स्वास्थ्य परीक्षण करेंगे।

निजी चिकित्सक प्रत्येक छात्रावास आश्रम के विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण उपरांत एक स्वास्थ्य पंजी में विवरण दर्ज करेंगे। इच्छुक निजी चिकित्सक अपने लेटर पेड में आवेदन पत्र के साथ शासकीय मान्यता प्राप्त मेडिकल कालेज संस्था से उत्तीर्ण चिकित्सक डिग्री एवं चिकित्सकीय कार्य का सक्षम अधिकारी द्वारा जारी अनुभव प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र, स्थायी अस्थायी मोबाइल नंबर वर्तमान पता तथा भारतीय स्टेट बैंक के खाता के प्रथम पृष्ट जहां फोटो चस्पा हो एवं पेन कार्ड की छायाप्रति के साथ कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास रायगढ़ में निर्धारित तिथि तक कार्यालयीन समय में पंजीकृत डाक से भेज सकते है। आवेदन पत्र सीधे कार्यालय में नहीं लिया जाएगा। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्र मान्य नहीं किए जायेंगे। निजी चिकित्सकों का चयन जिला स्तरीय चयन समिति के निर्णय द्वारा पात्रता के आधार पर किया जाएगा।

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख से अधिक सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान

डॉ. एल.सी. मढ़रिया MBBS,MS नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं फेको सर्जन
डॉ. एश्वर्य मढ़रिया MBBS, MS, FVR, LVP-Hydrabad नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं रेटिना विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
आई.जी.ऑफिस रोड, नेहरू चौक, बिलासपुर
फोन: 07752-402070, 228277,
मो.: 9826190123, 9669979123

HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
● सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
● ऑपरेशन द्वारा ईलाज
● नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
● टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
● दांतो की नसों का इलाज
● दांतों की सफाई व चमकाना
● दंत प्रत्यारोपण
● मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन